समाचार

पुनरीक्षित बजट वर्ष 2019–20 एवं बजट वर्ष 2020–21 सर्वसम्मति से पारित

(संपन्न हुई निगम की साधारण सभा, समस्त प्रस्तुत प्रस्तावों पर दी सदन ने स्वीकृति)

कोरबा 12 अक्टूबर 2020 –नगर पालिक निगम कोरबा का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2019–20 एवं बजट वर्ष 2020–21 आज सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसी प्रकार आज के साधारण सम्मेलन की कार्यसूची में शामिल सभी प्रस्तावों को सदन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

नगर पालिक निगम कोरबा का साधारण सम्मिलन आज प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर स्थित राजीव गांधी आडिटोरियम में सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, आयुक्त श्री एस.जयवर्धन तथा सदन के सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न उक्त सम्मिलन में कार्यसूची में शामिल प्रस्तावों को क्रमशः रखा गया, जिस पर आवश्यक विचार विमर्श पश्चात सदन द्वारा प्रस्तावों को पारित किया गया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने पुनरीक्षित बजट वर्ष 2019–20 एवं बजट वर्ष 2020–21 को सदन के पटल पर रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। आज संपन्न साधारण सम्मिलन के दौरान निगम के विभिन्न काम्पलेक्स के रिक्त दुकानों की निविदा, नीलामी के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव बहुमत के आधार पर पारित किया गया। इसी प्रकार कादम्बरी भवन स्थित लाज, रेस्टोरेंट, हाल के लीज नवीनीकरण संबंधी प्रस्तुत प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। व्यवसायिक केन्द्र ब्लाक''ए'' स्थित हाल के लीज नवीनीकरण का प्रस्ताव बहुमत से पारित हुआ, वहीं व्यवसायिक केन्द्र स्थित सीढ़ी के नीचे स्थल सी/42–ए के लीज नवीनीकरण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। गीतांजलि भवन की छोटी दुकानों के लीज नवीनीकरण का प्रस्ताव बहुमत के आधार पर पारित किया गया, वहीं विवेकानंद उद्यान अप्पू गार्डन में निर्मित कैफेटेरिया एवं पार्किंग के संबंध में प्रस्तुत किया गया प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। निगम के विभिन्न सामुदायिक भवनों के संचालन, संधारण संबंधी प्रस्तुत प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया तथा इस प्रस्ताव पर गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले व्यक्तियों परिवारों को उनके पारिवारिक आयोजनों हेतु निःशुल्क दिए जाने की घोषणा महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद द्वारा की गई। इसी प्रकार निगम क्षेत्र में सड़क किनारे शासकीय भूमि पर विज्ञापन होडिंग लगाने के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया, वहीं व्यवसायिक केन्द्र ब्लाक–एफ स्थित प्रथम एवं द्वितीय मंजिल हाल के लीज नवीनीकरण के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित हुआ। निगम की जल आवर्धन योजना फेस–1 के संधारण एवं संचालन कार्य के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव बहुमत के आधार पर पारित किया गया, वहीं

निगम की वार्ड समितियों के गठन संबंधी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। नया बस स्टैण्ड काम्पलेक्स दुकानों के लीज नवीनीकरण संबंधी प्रस्तुत प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया, वहीं दादरखुर्द मानिकपुर में सार्वजनिक रथयात्रा आयोजन में सहयोग के संबंध में प्रसताव प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित हुआ। वित्तीय वर्ष 2020–21 में सम्पत्तिकर निर्धारण हेतु भवनों भूमियों का सर्वक्षण कराए जाने के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव बहुमत से पारित किया गया तथा नगर पालिक निगम कोरबा के भूअर्जन प्रकरणों से संबंधित प्रस्तुत प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2020–21 में सम्पत्तिकर के वार्षिक भाडा मूल्य एवं दर निर्धारण के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया, वहीं नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत गंदी बस्ती घोषित करने के सबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित हुआ। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने वित्तीय संसाधनों की वृद्धि करने हेतु दीर्घकालीन ऋण पत्र जारी करने के संबंध में प्रस्ताव प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया, वहीं छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के कालोनियों का नगरीय निकायों को हस्तांतरण के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित हुआ। इसके साथ ही सदन में उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा दो नए प्रस्तावों को कार्यसूची में शामिल करने पर सहमति देते हुए इन प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसके तहत गरीब परिवारों के दिव्यांग, परित्यक्ता, विधवा, वृद्धावस्था पेंशन तथा राशन कार्ड संबंधी सुधार हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया, वहीं नगर पालिक निगम कोरबा के पार्षदगणों के मानदेय में वृद्धि, स्वेच्छा अनुदान हेतु वित्तीय स्वीकृति, पार्षदनिधि में वृद्धि व मेडिकल इंश्योरेंस दिए जाने संबंधी प्रस्तुत प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

निगम का बजट सर्वसम्मति से पारित – नगर पालिक निगम कोरबा का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2019–20 एवं बजट वर्ष 2020–21 सर्वसम्मति से पारित किया गया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने बजट सदन पटल पर रखते हुए बजट अभिभाषण प्रस्तुत किया। बजट अनुमान 2020–21 में प्रारंभिक अवशेष सहित कुल आय 88056.99 लाख रू. तथा अनुमानित व्यय 84081.00 लाख रू. का बजट पारित हुआ।